## फटाफट खबरें

### पुलिस अधिकारी को फिक्की से सम्मान



■ **निसं, मीरा-भाईंदर:** मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस में साइबर कक्ष में तैनात पीआई सुजीत गूंजकर को फिक्की (FICCI) से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान क्रिप्टो करेंसी के 36 लाख की ठगी के मामले को सुलझाने के लिए मिला है। गूंजकर को महाराष्ट्र राज्य के महानिदेशक ने नामित किया था। गूंजकर ने यह मामला इन 13 महीने में हल किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उन्हें सम्मानित किया गया।

### जूलर पर फायरिंग, बाल-बाल बचा

■ **निसं, पालघर:** नागझरी इलाके में रविवार रात अज्ञात हमलावरों ने एक जूलर पर दो राउंड फायरिंग कर दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। वारदात के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं। साईनाथ कंडी रात 9 बजे दुकान बंद कर घर जा रहा था, तभी बाइक से आए दो लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस को संदेह है कि लूट की इरादे से इस घटना को अंजाम दिया गया हो। फिलहाल, जांच जारी है।

### मामूली बात पर टैंकर चालक की हत्या

■ **निसं, वसई:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे स्थित मालजी पाडा इलाके में गैस टैंकर से कार को हल्की से टक्कर लग गई। इसके बाद कार में सवार चार लोगों ने टैंकर चालक की जमकर पिटाई कर दी और फरार हो गए। जख्मी टैंकर चालक राम किशोर कुशवाह की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

### हाइवे के किनारे मिला सड़ा-गला शव

■ **निसं, विरार:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के सकवार गांव के पास एक झोपड़े में अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश मिली है। रविवार शाम मांडवी पुलिस को सूचना मिली थी कि खानीवडे टोल नाका के आगे सकवार गांव की हद में हाइवे किनारे किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने बताया कि लाश काफी सड़ चुकी है, इसलिए उसकी शिनाख्त करना बड़ा मुश्किल है।

### 'मन की सफाई भी है बहुत जरूरी'

■ **निसं, भिवंडी:** कामतघर स्थित पीस पार्क में आयोजित सफाई अभियान के अवसर पर ब्रह्माकुमारी शिल्पा दीदी ने कहा कि बाहरी सफाई के साथ-साथ मन की सफाई भी बहुत जरूरी है। जैसे परिसर की सफाई हमें खुशी देती है। उसी प्रकार मन की स्वच्छता हमारे जीवन में प्रसन्नता लाती है। सफाई अभियान में दीपा दीदी, सुनीता बेन, विजय भाई और निरंजन भाई सहित ब्रह्माकुमारीज सदस्य शामिल थे।

### स्वच्छता के लिए गोद लिया अस्पताल

■ **निसं, नवी मुंबई:** पनवेल स्थित महाराष्ट्रभूषण डॉ. नानासाहेब धर्माधिकारी अस्पताल में स्वच्छता के लिए विधायक प्रशांत ठाकुर ने रामशेठ ठाकुर सामाजिक विकास मंडल और ठाकुर इंफ्रा प्रोजेक्ट के साथ मिलकर गोद लिया है। गांधी जयंती पर अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# सड़क न होने की वजह से रास्ते में ही हो गई डिलीवरी

## शहापुर तालुका में सड़क न कपड़े की डोली में ले जाते हैं मरीज को

■ **विजय कुमार सिंह, भिवंडी**



**यह स्थिति** मुंबई से कुछ सौ किलोमीटर दूर की है, जहां आज भी लोगों को अस्पताल तक पहुंचने के लिए सड़क नसीब नहीं है। ताजा उदाहरण ठाणे जिले के भिवंडी और शहापुर तालुका के आदिवासी गांवों का है। शहापुर तालुका के अति दुर्गम क्षेत्र पटकी पाडा में सड़क न होने के कारण कपड़े की डोली में गर्भवती महिला को लेकर उसके परिजन अस्पताल जा रहे थे। लेकिन, अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और महिला ने रास्ते में ही बच्चे को जन्म दे दिया। इस आदिवासी गांव के सड़क के लिए पिछले कई साल से मांग की जा रही है।

बारिश के दौरान इन गांवों की स्थिति और भी खराब हो जाती है। किसी के अचानक बीमार होने या गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए कपड़े की डोली का ही सहारा लेना पड़ता है। शहापुर तालुका के आदिवासी गांव पटकी पाडा में जाने के लिए सड़क न होने के कारण मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार सुबह 11 बजे पटकी पाडा की गर्भवती महिला प्रणाली वाजे को पेट में दर्द शुरू हुआ। सड़क न होने के कारण आंगनवाड़ी सहायिका अनिता भवर की मदद से कपड़े की डोली से उसे कसारा अस्पताल लेकर जाया गया। उस समय उसके साथ में कई आदिवासी महिलाएं भी थीं। लेकिन, रास्ते में उसे अधिक दर्द शुरू हो गया। इसके कारण डोली के साथ जा रही महिलाओं ने सड़क के किनारे ही उसका सुरक्षित प्रसव कराने का प्रयास किया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दे दिया। डिलीवरी के बाद उसे और बच्चे को डोली में रखकर दो किमी पैदल चलकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे। जहां से कसारा अस्पताल ले जाने के लिए ऐम्बुलेंस से संपर्क किया गया, लेकिन ऐम्बुलेंस नहीं मिली। इसके बाद उसे निजी वाहन से कसारा अस्पताल ले जाया गया। शहापुर तालुका में ऐसे कई आदिवासी गांव हैं, जहां पीने के पानी से लेकर सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।

### पहले सामने आए ऐसे मामले

**भिवंडी तालुका** के दिघाशी गांव के धर्मीपाडी से मुख्य सड़क पर जाने के लिए कोई मार्ग नहीं है। वहां की एक आदिवासी गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए चादर की झोली बनाई गई। लेकिन, महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में बच्चे को जन्म दे दिया था। इससे बच्चे की मौत हो गई थी। इसी तरह, भिवंडी तालुका का एक गांव ऐसा है, जहां के लोगों को मूलभूत नागरिक सुविधा के नाम पर लाश का अंतिम संस्कार करने और खेती की जमीन तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है।


> **पटकी पाडा से वेलूक वशाला तक मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत मंजूरी देकर तत्काल काम शुरू करने के लिए पत्र लिखा गया है। इस प्रकरण में मुख्यमंत्री को फोन पर जानकारी दी गई है, जिसे उन्होंने गंभीरता से लिया है।**
> – पांडुरंग बरोरा, पूर्व विधायक, शहापुर

### दिव्यांगों ने मांगों पर किया ठाणे मनपा का श्राद्ध

Anil Shinde



■ **निसं, ठाणे:** विभिन्न मांगों को लेकर ठाणे शहर के दिव्यांगों ने सोमवार को श्राद्ध आंदोलन किया। ठाणे मनपा मुख्यालय के सामने हुए आंदोलन में कुछ दिव्यांगों ने सिर का मुंडन कराया और ठाणे मनपा का श्राद्ध किया। दिव्यांग संगठनों का आरोप है कि मनपा उनकी मांगों को लेकर लंबे समय से टालमटोल कर रही है। जो स्टॉल उन्हें व्यवसाय के लिए आवंटित किए गए हैं, वे सही स्थान पर नहीं हैं। इससे कमाई कम और खर्च अधिक है। दिव्यांग सक्षमीकरण योजना के उद्देश्य को झटका लगा है। दिव्यांगों की मांगों में स्टॉल के स्थानों को बदलना, दिव्यांग सक्षमीकरण योजना के तहत एकमुश्त 5 लाख देना, दिव्यांगों को प्रति माह 5 हजार पेंशन देना आदि शामिल हैं। दिव्यांगों ने 3 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर जाने की चेतावनी दी है। सर्वपक्षीय दिव्यांग आंदोलन में बीजेपी दिव्यांग सेल के आनंद बनकर, शिवसेना यूबीटी के मुकेश घोरपडे आदि शामिल थे।




## 'भारत गुलदस्ते की तरह है और हर धर्म अलग-अलग फूलों की तरह'



सोशल कनेक्ट
धर्म । कर्म । समाज

■ **निसं, मीरा-भाईंदर**

**गांधी जयंती और** अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के मौके पर मीरा-भाईंदर में सर्वधर्म अहिंसा महासम्मेलन का आयोजन किया गया। आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री अक्षयसागर महाराज द्वारा प्रेरित महासम्मेलन में हिंदू, इस्लाम, बुद्ध, सिख और ईसाई धर्मगुरुओं ने अहिंसा के संबंध में अपने विचार प्रकट किए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए अक्षयसागर महाराज ने कहा कि भारत फूल के गुलदस्ते की तरह है। इस देशरूपी गुलदस्ते में अलग-अलग जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग अलग-अलग फूल की तरह हैं और अहिंसा इन फूलों की सुगंध है। दया की अनुपस्थिति में अहिंसा का आचरण नहीं हो सकता है और बिना अहिंसा के धर्म का आचरण नहीं हो सकता। धर्म का सारा भार अहिंसा पर ही टीका हुआ है। हिंसा दुखों को जन्म देती है और अहिंसा आत्मकल्याण के मार्ग पर लेकर जाती है।

सर्वधर्म अहिंसा महासम्मेलन में अक्षय सागरजी महाराज ने बताया अहिंसा का महत्व

महासम्मेलन में नेमिसागर महाराज, उपशमसागर महाराज के अलावा विधायक गीता जैन भी उपस्थित थीं। आयोजक मंडल के कमल जैन ने बताया कि सम्मेलन में एक गो-सेवक मुस्लिम दंपती सहित जीवदया और अहिंसा के लिए काम करने वालों को सम्मानित किया गया। यहां एक मंच पर सभी धर्मों के लोगों ने अहिंसा का पाठ पढ़ाया।

> **अहिंसा की सार्थकता तब है, जब उसका पालन आध्यात्मिक स्तर पर हो। केवल भौतिक स्तर पर अहिंसा के पालन से उसकी सार्थकता संभव नहीं है।**
> – वज्रराज महाराज, हरे कृष्णा आंदोलन

> **अहिंसा के सिद्धांत का प्रतिपादन गौतम बुद्ध ने किया था। बुद्ध पहले गोरक्षक थे। महावीर स्वामी के अहिंसा के सिद्धांत का महात्मा गांधी और विनोबा भावे ने अनुसरण किया।**
> – भिक्खु मिलिंद बोधि थेरो, बौद्ध धम्म उपदेशक

> **कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। सबसे बड़ी अहिंसा इंसानियत है। जब हम जाति, धर्म, संप्रदाय, रंगभेद से ऊपर उठकर इंसानियत को महत्व देते हैं, तभी सच्ची अहिंसा शुरू होती है।**
> – आली जनाब मौलाना सैयद अलमदार हुसैन

> **जब हम सभी के अंदर परमात्मा को देखने लगते हैं, तभी से इबादत शुरू होती है। अहिंसा के मार्ग पर ले जाने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है, इसलिए गुरु के मार्ग का अनुसरण करें।**
> – ज्ञानी जसविंदर सिंह, गुरुद्वारा साहिब, मीरा रोड

> **आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी का सबसे बड़ा हथियार अहिंसा ही था। यीशु ने खुद को शूली पर चढ़ाने वालों को क्षमा कर दिया था। अहिंसा के मार्ग पर ही चलकर ही शांति लाई जा सकता है।**
> – फादर एडवर्ड जसिंटो, ईसाई धर्मगुरु

## भंडार्ली में 25 से डंप नहीं होगा कचरा

### ठाणे मनपा प्रशासन ने दिया 14 गावों की समिति को लिखित आश्वासन

■ **निसं, ठाणे:** ठाणे मनपा की महत्वाकांक्षी भंडार्ली कचरा परियोजना 25 अक्टूबर से बंद कर दी जाएगी। ठाणे शहर का कचरा वहां नहीं जाएगा। कल्याण ग्रामीण के महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के विधायक प्रमोद उर्फ राजू पाटील को ठाणे मनपा प्रशासन ने लिखित यह में आश्वासन दिया है। इससे पहले मनपा ने 1 सितंबर, 15 सितंबर और 30 सितंबर की डेडलाइन दी थी।

आश्वासन के बावजूद मनपा ने कचरा फेंकना बंद नहीं किया, जिसके बाद नाराज ग्रामीणों ने 1 अक्टूबर को भंडार्ली पहुंची ठाणे मनपा की कचरा गाड़ियों को रोक दिया था। मनपा अधिकारियों के दखल के बाद वाहनों को छोड़ा गया था। प्रमोद पाटील ने चेतावनी दी थी कि अगले कुछ दिन में यदि भंडार्ली में कचरा गाड़ियों का आना बंद नहीं हुआ, तो गाड़ियों को आग के हवाले किया जाएगा। इसके तुरंत बाद ठाणे मनपा ने पहल की है। सोमवार को स्थानीय लोगों के साथ पाटील ने ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर से मुलाकात की। उपायुक्त डॉ. तुषार पवार ने कल्याण ग्रामीण के 14 गावों की संघर्ष समिति को लिखित आश्वासन दिया है।

Anil Shinde



### कई बार बदली गई है जगह

पहले दिवा में कचरा डंप किया जाता था। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद वहां बंद किया गया। इसके बाद डायघर में कचरे से बिजली बनाने की परियोजना शुरू हुई, लेकिन शील, डायघर, पडले, देसाई, खिड़काली, उत्तर शिव गांव के लोगों ने विरोध किया। इससे डायघर परियोजना पर संकट छा गया है। डायघर परियोजना का काम पूरा होने तक मनपा ने भंडार्ली में कचरे को नष्ट करने की अस्थायी योजना बनाई थी, लेकिन यहां भी विरोध हो रहा है।

### क्या थी परियोजना

- भंडार्ली में ठाणे शहर का 600 मीट्रिक टन कचरा डिस्पोज किया जाना था।
- भंडार्ली में किराए पर साढ़े चार हेक्टेयर लिया गया था।
- 11 महीने के करार पर परियोजना को शुरू किया गया था।
- फरवरी 2023 में परियोजना बंद होनी थी, लेकिन नहीं हुई।

### शहर में कचरा

- 1 हजार मीट्रिक टन कचरा रोज निकलता है ठाणे से
- 515 मीट्रिक टन होता है गीला कचरा
- 441 मीट्रिक टन होता है सूखा कचरा
- 125 मीट्रिक टन सीएनडी कचरा (मलबा) भी शामिल

### फ्लैट के नाम पर पुलिसकर्मी से 32 लाख की ठगी

■ **निसं, नवी मुंबई:** फ्लैट बेचने के नाम पर एक आरोपी ने नवी मुंबई पुलिस के कर्मचारी से 32.50 लाख की ठगी कर ली। एनआरआई पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एनआरआई पुलिस ने अरुण सालियान (53) के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सीवुड्स सेक्टर-48 में रहने वाले पुलिस कॉन्स्टेबल ने 2018 में ईवी रेजिडेंसी में 63 लाख रुपये में फ्लैट देखा था। जब पुलिसकर्मी ने अरुण से रजिस्ट्री के कागज मांगे, तो उसने देने से इनकार कर दिया। कॉन्स्टेबल ने ईवी रेजिडेंसी में जाकर देखा, तो पता चला कि फ्लैट अन्य महिला को बेच दिया था। सालियान ने पैसे देने से भी मना कर दिया, तब मामला दर्ज कराया।

अग्रीमेंट करने के बावजूद दूसरी महिला को बेचा फ्लैट

### अनधिकृत स्कूलों पर लगा करोड़ों का जुर्माना

■ **निसं, नवी मुंबई:** नवी मुंबई मनपा के क्षेत्र में 4 अनधिकृत स्कूलों पर 15.54 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी मनपा उपायुक्त दत्तात्रेय घनवत ने दी है। अनधिकृत स्कूल बंद नहीं हुए हैं, इसलिए मनपा आयुक्त राजेश नार्वेकर ने शिक्षा अधिकारी अरुणा यादव को आदेश दिया है कि निदेशकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया जाए।

नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के स्कूलों पर हुई कार्रवाई

साल 2000 से अब तक मनपा क्षेत्र में करीब 35 अनधिकृत विद्यालय थे। प्रबंधन को शिक्षा विभाग ने बार-बार स्कूल बंद करने का नोटिस दिए थे। सेक्टर-8बी में अल मोमिना स्कूल पर 5.55 करोड़, नेरुल सेक्टर-27 के इकरा इंटरनैशनल स्कूल पर 2.24 करोड़, सीवुड सेक्टर-40 के ऑर्किड इंटरनैशनल स्कूल पर 1.19 करोड़, रबाले अंबेडकर नगर के इलिम इंग्लिश स्कूल पर 6.59 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।




# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शात्री को दी गई श्रद्धांजलि, कई कार्यक्रम आयोजित

## कल्याण के बिड़ला महाविद्यालय की तरफ से निकाली गई शांति यात्रा

■ **निसं, कल्याण:** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरफ से अनुदानित गांधी अध्ययन केंद्र ने गांधी जयंती पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस का आयोजन किया। इस दौरान शांति यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चंद्र, प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील, रात्रिकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, उप प्राचार्य विपिन चंद्र वाडेकर, उप प्राचार्य स्मिता गुप्ता और आईजेक जेरी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, कोकण प्रांत के कार्याध्यक्ष प्रवीण देशमुख और राष्ट्रीय मंत्री डॉ. दिनेश प्रताप सिंह ने बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर की।

यात्रा में महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस और अन्य संकायों के विद्यार्थियों के साथ-साथ उर्दू नैशनल हाई स्कूल, सेंचुरी विद्यालय, रेल चाइल्ड से संचालित सरस्वती मंदिर पूर्व प्राथमिक विद्यालय आदि ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की मूर्तियों से सजा शांति रथ और गांधी विचारों के कार्ड लिए विद्यार्थियों की कतार देखी गई।



### गांधी के विचारों फैलाना जिम्मेदारी है: जीनल

■ **निसं, भिवंडी:** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिद्दीकी ने शहर के टेमघर स्थित बेघर निवारा केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। अब्दुल रहमान रजवी, कांग्रेस नेता छगन पाटील, पुणे शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष यासीन शेख आदि मौजूद थे। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर जीनल गाला ने कहा कि गांधी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है।

### भिवंडी मनपा में गांधी और शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

■ **निसं, भिवंडी:** भिवंडी मनपा मुख्यालय में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त दीपक झिंजाड ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त नितिन पाटील, राजेंद्र वरलीकर, वाचनालय विभाग प्रमुख नेहाला मोमीन आदि उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर युवक कांग्रेस की गांधीगिरी

■ **निसं, मीरा-भाईंदर:** गांधी जयंती पर मीरा-भाईंदर युवक कांग्रेस ने 'गांधीगिरी' का रास्ता अपनाया। बदहाल सड़कों और गड्ढों पर प्रशासन का ध्यान आकर्षण करने के लिए कार्यकर्ताओं ने गड्ढों में रंगोली बनाई। युवक कांग्रेस के अध्यक्ष सिद्धेश राणे ने बताया कि गोल्डन नेस्ट सर्कल, तुंगा हॉस्पिटल, मीरा गांव की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इसमें अनवर खान, समिरा अंसारी, सोहम सावंत, यशपाल सुरेका, विजय दरेकर आदि शामिल थे।

